रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०८ /२०२४ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 08/2024- Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

| | |
|---|---|
| Test Date | 09/12/2025 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

## Section : General Science

**Q.1** मटर के पौधों में बौनेपन के लिए 't' जैसे अप्रभावी विशेषक (recessive traits) केवल तभी क्यों दिखाई देते हैं जब दोनों ऐलील (alleles) अप्रभावी होते हैं?

Ans
- ✗ A. अप्रभावी ऐलील को आगे नहीं बढ़ाया जा सकता है।
- ✗ B. अप्रभावी ऐलील अधिक प्रबल होते हैं।
- ✗ C. अप्रभावी ऐलील कभी व्यक्त नहीं होते हैं।
- ✓ D. प्रभावी ऐलील, अप्रभावी ऐलील को ढक लेते हैं।

**Q.2** निम्नलिखित में से कौन-सी सिंचाई विधि है जिसमें पानी को पंपों द्वारा गहरे स्तर से निकाला जाता है?

Ans
- ✗ A. नदी जीवन प्रणाली
- ✗ B. नहरें
- ✓ C. ट्यूबवेल
- ✗ D. वर्षा आधारित

**Q.3** किसी द्रव का उसके क्वथनांक से नीचे किसी भी तापमान पर वाष्प में परिवर्तित होने की घटना क्या कहलाती है?

Ans
- ✓ A. वाष्पन
- ✗ B. संघनन
- ✗ C. ऊर्ध्वपातन
- ✗ D. पिंडन

**Q.4** मांस उत्पादन के उद्देश्य से पाले जाने वाले पोल्ट्री पक्षियों को क्या कहा जाता है?

Ans
- ✗ A. कॉक (Cocks)
- ✓ B. ब्रॉइलर (Broilers)
- ✗ C. फॉउल (Fowls)
- ✗ D. लेयर (Layers)

**Q.5** निम्नलिखित में से कौन-सा कोशिका अंगक स्टार्च, तेल और प्रोटीन कणिकाओं का भंडारण करता है?

Ans
- ✗ A. सभी लवक (plastids)
- ✗ B. हरितलवक (Chloroplast)
- ✗ C. वर्णलवक (Chromoplast)
- ✓ D. अवर्णी लवक (Leucoplast)

| | |
|---|---|
| Q.6 | यदि दो वस्तुओं का द्रव्यमान आधा कर दिया जाए तथा उनके बीच की दूरी भी आधी कर दी जाए, तो गुरूत्वीय बल ________। |
| Ans | ✔ A. अपरिवर्तित रहेगा |
| | ✘ B. आधा हो जाएगा |
| | ✘ C. एक चौथाई हो जाएगा |
| | ✘ D. दोगुना हो जाएगा |

| | |
|---|---|
| Q.7 | कक्ष तापमान पर हवा में ध्वनि की चाल लगभग 343 m/s होती है। जल से गुज़रने पर इसकी चाल पर क्या प्रभाव पड़ता है? |
| Ans | ✘ A. यह अपरिवर्तित रहती है |
| | ✔ B. यह बढ़ती है। |
| | ✘ C. यह घटती है |
| | ✘ D. यह शून्य हो जाती है |

| | |
|---|---|
| Q.8 | यदि सभी तार एक ही पदार्थ से बने हैं तो निम्नलिखित में से किस तार का प्रतिरोध सबसे कम होगा? |
| Ans | ✔ A. छोटा और मोटा तार |
| | ✘ B. छोटा और पतला तार |
| | ✘ C. लंबा और मोटा तार |
| | ✘ D. लंबा और पतला तार |

| | |
|---|---|
| Q.9 | निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़ें और सही विकल्प चुनें।<br><br>अभिकथन (A): अपघटन अभिक्रियाओं में ऊष्मा, प्रकाश या विद्युत के रूप में ऊर्जा की आवश्यकता होती है।<br>कारण (R): अभिकारक अणुओं को सरल उत्पादों में तोड़ने के लिए ऊर्जा अवशोषित होती है। |
| Ans | ✘ A. A और R दोनों सत्य हैं, और R, A की सही व्याख्या नहीं है। |
| | ✘ B. A असत्य है, लेकिन R सत्य है। |
| | ✔ C. A और R दोनों सत्य हैं, और R, A की सही व्याख्या है। |
| | ✘ D. A सत्य है, लेकिन R असत्य है। |

| | |
|---|---|
| Q.10 | वेग-समय ग्राफ के अंतर्गत क्षेत्रफल क्या दर्शाता है? |
| Ans | ✘ A. बल |
| | ✘ B. किया गया कार्य |
| | ✔ C. विस्थापन |
| | ✘ D. त्वरण |

| | |
|---|---|
| Q.11 | खुरदुरी अंतर्द्रव्यी जालिका और चिकनी अंतर्द्रव्यी जालिका के बीच मुख्य अंतर निम्नलिखित में से किसकी उपस्थिति के कारण होता है? |
| Ans | ✔ A. राइबोसोम (ribosomes) |
| | ✘ B. सेंट्रोसोम (centrosomes) |
| | ✘ C. साइटोसोल (cytosol) |
| | ✘ D. माइटोकॉन्ड्रिया (mitochondria) |

| | |
|---|---|
| Q.12 | निम्नलिखित में से कौन-सा, कणों के मध्य प्रबलतम आकर्षण बल दर्शाता है? |
| Ans | ✘ A. जल |
| | ✔ B. लोहे की छड़ |
| | ✘ C. ऐल्कोहॉल |
| | ✘ D. ऑक्सीजन गैस |

| Q.13 | कार्बनिक यौगिक में सदैव निम्नलिखित में से क्या होता है? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. कम से कम एक कार्बन परमाणु |
| | ✘ B. सिलिकॉन और फॉस्फोरस परमाणु |
| | ✘ C. हैलोजन और उत्कृष्ट गैसें |
| | ✘ D. हाइड्रोजन, ऑक्सीजन और नाइट्रोजन |

| Q.14 | निम्नलिखित में से कौन-से लक्षण का अध्ययन मेंडल ने मटर के पौधों में नहीं किया? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. पत्ती का आकार |
| | ✘ B. बीज की आकृति |
| | ✘ C. पौधे की ऊँचाई |
| | ✘ D. फूलों की स्थिति |

| Q.15 | निम्नलिखित में से किस तत्व की परमाणु संख्या 11 है? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. पोटैशियम |
| | ✘ B. मैग्नीशियम |
| | ✘ C. नाइट्रोजन |
| | ✔ D. सोडियम |

| Q.16 | जब एस्टर की अभिक्रिया सोडियम हाइड्रॉक्साइड के साथ कराई जाती है, तो कार्बोक्सिलिक अम्ल का सोडियम लवण और ऐल्कोहॉल बनता है। इस प्रक्रिया को क्या कहते हैं? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. एस्टरीकरण (esterification) |
| | ✘ B. हाइड्रोजनन (hydrogenation) |
| | ✘ C. अम्लन (acidification) |
| | ✔ D. साबुनीकरण (saponification) |

| Q.17 | यदि 10 kg की वस्तु पर शुद्ध बल शून्य है, तो उसका त्वरण .................. होगा। |
|---|---|
| Ans | ✘ A. 10 $m/s^2$ |
| | ✘ B. 9.8 $m/s^2$ |
| | ✔ C. 0 $m/s^2$ |
| | ✘ D. इसके वेग पर निर्भर करता है |

| Q.18 | एक ऑक्सीजन परमाणु में न्यूट्रॉनों की संख्या कितनी होती है? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. 32 |
| | ✔ B. 8 |
| | ✘ C. 16 |
| | ✘ D. 7 |

| Q.19 | यदि एक कुली अपने सिर पर भार रखकर एक समान चाल से क्षैतिज सड़क पर चलता है, तो भार पर गुरुत्वाकर्षण बल द्वारा किया गया कार्य ___________ है। |
|---|---|
| Ans | ✘ A. अधिकतम होता |
| | ✘ B. न्यूनतम होता |
| | ✔ C. शून्य होता |
| | ✘ D. निर्धारित नहीं किया जा सकता |

| Q.20 | एथेनॉल के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. एथेनॉल एक अवाष्पशील ठोस होता है। |
| | ✓ B. एथेनॉल एक सुखद गंध वाला द्रव होता है और यह जल में मिश्रणीय होता है। |
| | ✗ C. एथेनॉल, जल में विलेय नहीं होता है। |
| | ✗ D. एथेनॉल और सोडियम की अभिक्रिया होने पर कार्बन डाइऑक्साइड का निर्माण होता है। |

| Q.21 | निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द किसी पौधे की वृद्धि द्वारा अपने खोए हुए भागों को पुनः प्राप्त करने की क्षमता का वर्णन करने के लिए प्रयोग किया जाता है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. द्वि-खंडन (Binary fission) |
| | ✗ B. निषेचन (Fertilisation) |
| | ✗ C. मुकुलन (Budding) |
| | ✓ D. पुनरुद्भवन (Regeneration) |

| Q.22 | एक उत्तल लेंस के मुख्य फोकस से गुजरने वाली प्रकाश किरण __________ निर्गत होती है। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. बिना विचलन के |
| | ✗ B. स्रोत की ओर वापस |
| | ✓ C. मुख्य अक्ष के समानांतर |
| | ✗ D. प्रकाशिक केंद्र की ओर |

| Q.23 | निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषता कंकाली (रेखित) पेशियों का सही वर्णन करती है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. छोटी, बेलनाकार, शाखित कोशिकाएं जिनमें अंतर्निवेशित डिस्क होती हैं |
| | ✓ B. लंबी, बेलनाकार, अशाखित, बहुकेन्द्रकी कोशिकाएं, ऐच्छिक नियंत्रण |
| | ✗ C. शाखित, एककेंद्रकी कोशिकाएं, अनैच्छिक नियंत्रण |
| | ✗ D. तर्कुरुपी, एककेंद्रकी कोशिकाएं, अनैच्छिक नियंत्रण |

| Q.24 | एक उत्तल लेंस किनारों की तुलना में बीच में मोटा होता है। इस आकृति के कारण, इससे होकर गुजरने वाली समांतर प्रकाश किरणों पर इसका क्या प्रभाव पड़ता है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. यह किरणों को प्रसारित कर देता है, जिससे एक अपसारी क्रिया होती है |
| | ✓ B. यह किरणों के एक बिंदु पर मिलने का कारण बनता है, जिससे एक अभिसारी क्रिया होती है |
| | ✗ C. यह किरणों को उसी पथ पर वापस परावर्तित करता है |
| | ✗ D. इससे गुजरने वाली किरणें अनियमित रूप से प्रकीर्ण हो जाती हैं |

| Q.25 | जब समान लंबाई लेकिन अलग-अलग प्रतिरोध वाले दो तारों में समान धारा प्रवाहित होती है, तो उच्च प्रतिरोध वाला तार....................। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. कम ऊष्मा उत्पन्न करेगा |
| | ✗ B. समान ऊष्मा उत्पन्न करेगा |
| | ✗ C. कोई ऊष्मा उत्पन्न नहीं करेगा |
| | ✓ D. अधिक ऊष्मा उत्पन्न करेगा |

## Section : Mathematics

| Q.26 | एक संख्या में पहले 35% की कमी की जाती है और फिर 25% की और कमी की जाती है। मूल संख्या में कुल कितने प्रतिशत की कमी हुई है? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 51.25% |
| | ✗ B. 55% |
| | ✗ C. 53.25% |
| | ✗ D. 50% |

| Q.27 | यदि 50 और 30 का तृतीयानुपाती x है, तो x का मान कितना होगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 21 |
| | ✗ B. 15 |
| | ✓ C. 18 |
| | ✗ D. 20 |

| Q.28 | वह सबसे बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए जिसके द्वारा 1058 और 1550 दोनों को विभाजित करने पर क्रमशः 5 और 11 शेषफल प्राप्त होता है। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 86 |
| | ✓ B. 81 |
| | ✗ C. 88 |
| | ✗ D. 83 |

| Q.29 | एक त्रिभुज की भुजाएं 146 cm, 96 cm और 110 cm हैं। इसका क्षेत्रफल ($cm^2$ में) कितना होगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 5290 |
| | ✗ B. 5275 |
| | ✓ C. 5280 |
| | ✗ D. 5296 |

| Q.30 | एक आयताकार बगीचा 50 m लंबा और 40 m चौड़ा है। बगीचे के अंदर इसकी सीमा के साथ एक समान चौड़ाई का रास्ता बनाया गया है। यदि रास्ते का क्षेत्रफल 344 $m^2$ है, तो भीतरी आयत का परिमाप ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 136 m |
| | ✓ B. 164 m |
| | ✗ C. 140 m |
| | ✗ D. 148 m |

| Q.31 | एक पाइप एक टैंक को 6 मिनट में भर सकता है जबकि दूसरा पाइप पूरी तरह से भरे टैंक को 24 मिनट में खाली कर सकता है। यदि टैंक खाली होने पर दोनों पाइप एक साथ खोल दिए जाएँ, तो टैंक का एक-चौथाई भाग भरने में कितने मिनट लगेंगे? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 2 |
| | ✗ B. 8 |
| | ✗ C. 4 |
| | ✗ D. 6 |

| Q.32 | $\Delta MNR$ में, यदि भुजाओं MN और MR को क्रमशः P और Q तक बढ़ाया जाता है। $\angle PNR$ और $\angle QRN$ के समद्विभाजक बिंदु X पर प्रतिच्छेद करते हैं। यदि $\angle X = 75^\circ$ है, $2\angle M$ का मान ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. $66^\circ$ |
| | ✗ B. $56^\circ$ |
| | ✗ C. $50^\circ$ |
| | ✓ D. $60^\circ$ |

| Q.33 | रोहित ने एक साइकिल ₹3,200 में खरीदी और उसे ₹3,840 में बेच दिया। उसका लाभ प्रतिशत कितना है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 18% |
| | ✗ B. 22% |
| | ✓ C. 20% |
| | ✗ D. 25% |

| Q.34 | यदि $\alpha+\beta=14$ और $\alpha\beta=20$ है, तो $(\alpha^2+\beta^2)^{\frac{1}{2}}$ का मान ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. $39\sqrt{2}$ |
| | ✗ B. $156$ |
| | ✗ C. $236$ |
| | ✔ D. $2\sqrt{39}$ |

| Q.35 | उस कार की औसत चाल कितनी है जो आधी दूरी 84 km/hr की चाल से तथा शेष आधी दूरी 63 km/hr की चाल से तय करती है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 79 km/hr |
| | ✔ B. 72 km/hr |
| | ✗ C. 68 km/hr |
| | ✗ D. 69 km/hr |

| Q.36 | यदि $\cot A = \frac{3}{4}$ है, तो $3\sin 2A - \cos 3A$ का मान ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 497/125 |
| | ✔ B. 477/125 |
| | ✗ C. 437/125 |
| | ✗ D. 417/125 |

| Q.37 | एरॉन, रॉन से 5 वर्ष छोटा है। अब से चार वर्ष बाद, रॉन की आयु एरॉन से दोगुनी होगी। रॉन की वर्तमान आयु ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 5 वर्ष |
| | ✔ B. 6 वर्ष |
| | ✗ C. 7 वर्ष |
| | ✗ D. 8 वर्ष |

| Q.38 | कार खरीदने के लिए, तान्या ने 27 माह के लिए 8% वार्षिक साधारण ब्याज पर ₹75,000 उधार लिए। उसे कितने ब्याज का भुगतान करना होगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. ₹12,500 |
| | ✗ B. ₹14,000 |
| | ✔ C. ₹13,500 |
| | ✗ D. ₹13,000 |

| Q.39 | अपने घर से अपनी सामान्य चाल के $\frac{3}{4}$ चाल से चलने पर, भावेश अपने कार्यालय 15 मिनट देर से पहुंचता है। अपने घर और कार्यालय के बीच की दूरी तय करने में उसे सामान्यतः कितना समय लगता है? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. 45 मिनट |
| | ✗ B. 43 मिनट |
| | ✗ C. 54 मिनट |
| | ✗ D. 38 मिनट |

| Q.40 | किसी संख्या को दोगुना करने तथा उसमें 7 जोड़ने पर वह 29 हो जाती है। वह संख्या ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 14 |
| | ✗ B. 15 |
| | ✔ C. 11 |
| | ✗ D. 12 |

| | | |
|---|---|---|
| Q.41 | यदि A : B = 1 : 3, B : C = 4 : 3 और C : D = 5 : 7 है, तो A : B : C : D ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | ✔ A. 20 : 60 : 45 : 63 | |
| | ✘ B. 20 : 60 : 43 : 63 | |
| | ✘ C. 20 : 58 : 45 : 63 | |
| | ✘ D. 18 : 60 : 45 : 63 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.42 | मैचों की एक सिरीज में बास्केट-बॉल टीम द्वारा स्कोर किए गए अंक इस प्रकार हैं:<br>17, 2, 7, 27, 25, 5, 14, 18, 10, 24, 10, 8, 7, 10<br>बहुलक का मान कितना है? | |
| Ans | ✘ A. 7 | |
| | ✘ B. 4 | |
| | ✔ C. 10 | |
| | ✘ D. 17 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.43 | 3 × 2 + 12 ÷ (6 − 2) × 2 को सरलीकृत कीजिए। | |
| Ans | ✘ A. 21 | |
| | ✘ B. 15 | |
| | ✘ C. 18 | |
| | ✔ D. 12 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.44 | एक कक्षा के 95 विद्यार्थियों ने भौतिकी की परीक्षा दी। 47 विद्यार्थियों का औसत स्कोर 93 था। अन्य विद्यार्थियों का औसत स्कोर 54 था। पूरी कक्षा का औसत स्कोर (एक दशमलव स्थान तक पूर्णांकित) कितना है? | |
| Ans | ✘ A. 79.7 | |
| | ✔ B. 73.3 | |
| | ✘ C. 83.7 | |
| | ✘ D. 65.6 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.45 | एक व्यापारी अपने माल का मूल्य, क्रय मूल्य से 80% अधिक अंकित करता है और अंकित मूल्य पर 5% की छूट देता है। उसका लाभ या हानि प्रतिशत कितना है? | |
| Ans | ✘ A. 71.3% लाभ | |
| | ✔ B. 71% लाभ | |
| | ✘ C. 74.2% हानि | |
| | ✘ D. 72% हानि | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.46 | आदित्य किसी काम का $\frac{1}{6}$ भाग 13 दिनों में कर सकता है और भगवान उसी काम का $\frac{1}{9}$ भाग 12 दिनों में कर सकता है। यदि दोनों मिलकर काम करें, तो काम पूरा करने में लगने वाले दिनों की संख्या ज्ञात कीजिए।<br>(अपने उत्तर को दशमलव के एक स्थान तक पूर्णांकित कीजिए।) | |
| Ans | ✔ A. 45.3 | |
| | ✘ B. 51.4 | |
| | ✘ C. 47.5 | |
| | ✘ D. 41.9 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.47 | x का वह न्यूनतम मान ज्ञात कीजिए, जिससे संख्या 73318x4, 8 से विभाज्य हो जाए? | |
| Ans | ✘ A. 1 | |
| | ✘ B. 3 | |
| | ✘ C. 4 | |
| | ✔ D. 2 | |

| Q.48 | एक वॉशिंग मशीन की कीमत एक TV की कीमत से 10% कम है। यदि वॉशिंग मशीन की कीमत 55% बढ़ जाती है और TV की कीमत 71% कम हो जाती है, तो 6 वॉशिंग मशीनों और 3 TV की कुल कीमत में कितना प्रतिशत परिवर्तन होगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 13% की कमी |
| | ✓ B. 10% की वृद्धि |
| | ✗ C. 12% की वृद्धि |
| | ✗ D. 11% की कमी |

| Q.49 | एक व्यक्ति अपनी आय के 60% की बचत करता है। यदि उसका व्यय ₹480 है, तो उसकी आय (₹ में) ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 2880 |
| | ✓ B. 1200 |
| | ✗ C. 1920 |
| | ✗ D. 1240 |

| Q.50 | एक विक्रेता अपने ग्राहकों को अपने सौंदर्य उत्पादों पर 15% की छूट देती है और फिर भी उसे 5% का लाभ होता है। अंकित मूल्य ₹273 वाले सौंदर्य उत्पाद का क्रय मूल्य (₹ में) कितना होगा? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 221 |
| | ✗ B. 219 |
| | ✗ C. 166 |
| | ✗ D. 247 |

## Section : General Intelligence and Reasoning

| Q.51 | यदि '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में '?' के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>67 – 13 ÷ 104 × 26 + 93 = ? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 27 |
| | ✗ B. 25 |
| | ✓ C. 26 |
| | ✗ D. 29 |

| Q.52 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से VQLG का संबंध ZUPK से है। उसी प्रकार, UPKF का संबंध YTOJ से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, RMHC का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. UPKF |
| | ✗ B. UQKG |
| | ✓ C. VQLG |
| | ✗ D. VPLF |

| Q.53 | किसी निश्चित कूट भाषा में,<br>A + B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है',<br>A @ B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',<br>A - B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',<br>और A # B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।<br><br>यदि 'O + P @ T # G - V' है, तो O का V से क्या संबंध है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. पत्नी की बहन |
| | ✓ B. पत्नी के पिता की बहन |
| | ✗ C. पत्नी की माता |
| | ✗ D. पत्नी के पिता की माता |

| Q.54 | आयुष अपनी कक्षा में ऊपर से 28वें और नीचे से 46वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. 73 |
| | ✘ B. 72 |
| | ✘ C. 71 |
| | ✘ D. 74 |

| Q.55 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस समूह से संबंधित नहीं है?<br>(नोट: असंगत अक्षर-समूह व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह में उनके स्थान पर आधारित नहीं है।) |
|---|---|
| Ans | ✘ A. LIJ |
| | ✔ B. OMM |
| | ✘ C. XUV |
| | ✘ D. TQR |

| Q.56 | दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>2001 2010 2018 2025 2031 ? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. 2036 |
| | ✘ B. 2035 |
| | ✘ C. 2034 |
| | ✘ D. 2037 |

| Q.57 | शहर M, शहर N के पूर्व में है। शहर O, शहर M के दक्षिण में है। शहर P, शहर O के पश्चिम में है। शहर Q, शहर P के उत्तर में है। शहर N, शहर Q के उत्तर-पश्चिम में है। शहर Q के सापेक्ष शहर M का स्थिति क्या है? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. उत्तर |
| | ✘ B. उत्तर-पश्चिम |
| | ✔ C. उत्तर-पूर्व |
| | ✘ D. पूर्व |

| Q.58 | प्रीतिका अपनी कक्षा में ऊपर से 12वें स्थान पर और नीचे से 26वें स्थान पर है। कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. 37 |
| | ✘ B. 47 |
| | ✘ C. 45 |
| | ✘ D. 35 |

| Q.59 | निम्नलिखित संख्या श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं)। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।<br><br>(बाएं) 6 3 6 9 9 4 4 1 7 5 6 2 1 6 6 6 6 8 8 2 9 1 5 (दाएं)<br><br>ऐसी कितनी विषम संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या है और ठीक बाद एक सम संख्या है? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. चार |
| | ✘ B. एक |
| | ✔ C. दो |
| | ✘ D. तीन |

| Q.60 | किसी निश्चित भाषा में, 'basket is green' को 'ns tu nm' के रूप में और 'the green planet' को 'ti ns fd' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। उस भाषा में 'green' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. nm |
| | ✓ B. ns |
| | ✗ C. ti |
| | ✗ D. fd |

| Q.61 | C, D, E, G, H, I और J एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। G के बाएं से गिनने पर E और G के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। C, J के बाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। D, J के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है। D, E के बाएं दूसरे स्थान पर बैठा है। I, C का निकटतम पड़ोसी नहीं है। H के दाएं तीसरे स्थान पर कौन बैठा है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. G |
| | ✓ B. D |
| | ✗ C. I |
| | ✗ D. J |

| Q.62 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह ज्ञात तथ्यों से अलग प्रतीत होती हो, निर्णय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता/करते है/हैं।<br><br>कथन<br>सभी होटल, रेस्टोरेंट हैं।<br>सभी रेस्टोरेंट, कैफ़े हैं।<br>कुछ रेस्टोरेंट, किचन हैं।<br><br>निष्कर्ष<br>(I) कुछ कैफ़े, किचन हैं।<br>(II) कुछ होटल, किचन हैं। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। |
| | ✓ B. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है। |
| | ✗ C. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं। |
| | ✗ D. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है। |

| Q.63 | छह व्यक्ति, L, M, N, O, P और Q, एक सीधी पंक्ति में उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। N पंक्ति के बाएँ छोर पर बैठा है। N और Q के बीच केवल 3 व्यक्ति बैठे हैं। P के दाएँ दूसरे स्थान पर L बैठा है। L के दाएँ दूसरे स्थान पर M बैठा है। दी गई व्यवस्था के आधार पर, निम्नलिखित चार में से तीन एकसमान हैं, असंगत का चयन कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. PL |
| | ✓ B. OP |
| | ✗ C. LM |
| | ✗ D. NO |

| Q.64 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से SDVT का संबंध WIAX से है। उसी तरीके से, IXPJ का संबंध MCUN से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, UMEV का संबंध दिए गए विकल्पों में से किस विकल्प से है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. TZXS |
| | ✓ B. YRJZ |
| | ✗ C. YRZS |
| | ✗ D. YUIO |

| Q.65 | निम्नलिखित शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। सभी संख्याएं केवल एकल अंकीय संख्याएं हैं। गिनती बाएं से दाएं की जानी है।<br><br>(बाएं) 3 2 5 4 6 2 5 3 9 7 4 5 1 1 1 5 2 3 3 8 8 4 4 6 3 1 6 (दाएं)<br><br>ऐसी कितनी सम संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या है तथा ठीक बाद भी एक विषम संख्या है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 5 |
| | ✗ B. 4 |
| | ✓ C. 3 |
| | ✗ D. 2 |

| Q.66 | निम्नलिखित संख्या श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं)। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।<br><br>(बाएं) 1 8 2 9 7 6 2 4 8 3 4 6 1 9 4 2 7 4 3 5 9 8 3 5 2 4 8 (दाएं)<br><br>ऐसे कितने सम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम अंक तथा ठीक बाद में भी एक सम अंक है? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. तीन |
| | ✗ B. दो |
| | ✗ C. एक |
| | ✗ D. तीन से अधिक |

| Q.67 | उस सेट का चयन कीजिए जिसमें संख्याएं उसी तरह से संबंधित हैं जैसे कि निम्नलिखित सेटों की संख्याएं संबंधित हैं।<br>(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि 13 पर की जा सकती है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)<br><br>(24 , 12, 2)<br>(70, 5, 14) |
|---|---|
| Ans | ✓ A. (32 , 16 , 2) |
| | ✗ B. (13, 39, 3) |
| | ✗ C. (60 , 6, 12) |
| | ✗ D. (19, 5, 45) |

| Q.68 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता/करते है/हैं।<br><br>कथन:<br>सभी पट्टियाँ, केक हैं।<br>सभी केक, समोसे हैं।<br><br>निष्कर्ष:<br>(I): कुछ समोसे, केक हैं।<br>(II): सभी पट्टियाँ, समोसा हैं। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है |
| | ✗ B. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है। |
| | ✓ C. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं। |
| | ✗ D. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है |

| Q.69 | यदि + का अर्थ – है, – का अर्थ × है, × का अर्थ ÷ है और ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>221 − 5 ÷ 47 + 842 × 2 = ? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. 731 |
| | ✘ B. 741 |
| | ✘ C. 721 |
| | ✘ D. 711 |

| Q.70 | दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>1001 1000 997 992 985 ? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. 978 |
| | ✘ B. 975 |
| | ✔ C. 976 |
| | ✘ D. 977 |

| Q.71 | किसी निश्चित कूट भाषा में, 'morning sun rises' को 'at bp kj' के रूप में तथा 'rises every day' को 'Im at wv' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। उस भाषा में 'rises' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. kj |
| | ✘ B. bp |
| | ✔ C. at |
| | ✘ D. Im |

| Q.72 | यदि '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>141 ÷ 8 + 384 × 2 − 43 = ? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. 953 |
| | ✘ B. 982 |
| | ✘ C. 912 |
| | ✔ D. 979 |

| Q.73 | निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगा?<br><br>ELN 55, HPK 62, KTH 69, NXE 76, ? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. QCA 81 |
| | ✔ B. QBB 83 |
| | ✘ C. PBC 83 |
| | ✘ D. RAB 81 |

| Q.74 | निम्नलिखित त्रिकों में, अक्षरों का प्रत्येक ग्रुप एक निश्चित तर्क का अनुसार अगले ग्रुप से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए, जो समान तर्क का अनुसरण करता है।<br><br>INFO - NFIO - OFNI<br>OATH - ATOH - HTAO |
|---|---|
| Ans | ✔ A. REST - ESRT - TSER |
| | ✘ B. PLAY - LPAY - YLAP |
| | ✘ C. TINS - INTS - INST |
| | ✘ D. ALSO - ASLO - OSLA |

| Q.75 | धन्या बिंदु A से शुरू होकर दक्षिण की ओर 9 km चलती है। फिर वह बाएं मुड़ती है, 11 kmचलती है, फिर बाएं मुड़ती है और 2 km चलती है। फिर वह बाएं मुड़ती है और 4 km चलती है। अंत में वह दाएं मुड़ती है, 7 kmचलती है और बिंदु P पर रुकती है। बिंदु A तक दोबारा पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे कम दूरी) और किस दिशा में चलना चाहिए?<br><br>(नोट: सभी मोड़ केवल 90° के हैं, जब तक कि निर्दिष्ट न किया गया हो।) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. पूर्व की ओर 8 km |
| | ✗ B. दक्षिण की ओर 9 km |
| | ✗ C. उत्तर की ओर 7 km |
| | ✓ D. पश्चिम की ओर 7 km |

| Q.76 | दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?<br><br>12,23,45,78,122 ? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 177 |
| | ✗ B. 179 |
| | ✗ C. 178 |
| | ✗ D. 176 |

| Q.77 | M, N, O, P, W, X और Y एक गोल मेज के परित: केन्द्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। O, P के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। O के बाईं ओर से गिने जाने पर O और Y के बीच केवल तीन लोग बैठे हैं। P के बाईं ओर से गिने जाने पर P और N के बीच केवल तीन लोग बैठे हैं। W, M के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। M के बाईं ओर से गिने जाने पर X और M के बीच कितने लोग बैठे हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. चार |
| | ✗ B. एक |
| | ✓ C. दो |
| | ✗ D. तीन |

| Q.78 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?<br><br>VMN SNP POR MPT ? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. JQV |
| | ✗ B. IQV |
| | ✗ C. JQU |
| | ✗ D. IQU |

| Q.79 | निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला को देखिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।<br><br>(बाएं) 3 % * 2 @ & 5 1 @ 6 7 1 6 # # £ 8 8 # $ £ € (दाएं)<br><br>ऐसी कितनी संख्याएँ हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या और ठीक बाद एक प्रतीक है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 5 |
| | ✗ B. 2 |
| | ✗ C. 4 |
| | ✓ D. 3 |

| Q.80 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. LG-JN |
| | ✗ B. OJ-MQ |
| | ✓ C. ID-GL |
| | ✗ D. RM-PT |

Section : **General Awareness and Current Affairs**

| Q.81 | अप्रैल 2025 में, डिजिटल सुरक्षा और साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक ने किस अभियान के अंतर्गत अपना आधिकारिक व्हाट्सएप चैनल लॉन्च किया? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. RBI फॉर ऑल (RBI for All) |
| | ✓ B. RBI कहता है (RBI Kehta Hai) |
| | ✗ C. RBI केयर्स (RBI Cares) |
| | ✗ D. RBI सेक्योर (RBI Secure) |

| Q.82 | मार्च 2025 में प्रकाशित पुस्तक "केयरलेस पीपल: ए कॉशनरी टेल ऑफ पावर, ग्रीड, एंड लॉस्ट आइडियलिज्म (Careless People: A Cautionary Tale of Power, Greed, and Lost Idealism)" के लेखक कौन हैं? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. सारा व्यान-विलियम्स (Sarah Wynn-Williams) |
| | ✗ B. शेरिल सैंडबर्ग (Sheryl Sandberg) |
| | ✗ C. साइमन सिनेक (Simon Sinek) |
| | ✗ D. बोरिया मजूमदार (Boria Majumdar) |

| Q.83 | दक्षिण अफ्रीका में 2025 में आयोजित दूसरी G20 डिजिटल अर्थव्यवस्था कार्य समूह बैठक में उल्लिखित 'G20' शब्द में 'G' अक्षर का क्या अर्थ है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. ग्लोबल (Global) |
| | ✓ B. ग्रुप (Group) |
| | ✗ C. गवर्नमेंट (Government) |
| | ✗ D. ग्रोथ (Growth) |

| Q.84 | इंटरनेशनल फाइनेंस फोरम द्वारा मार्च 2025 में प्रस्तुत कौन-सा नया सूचकांक, ग्लोबल AI कॉम्पिटिटिवनेस का मूल्यांकन करता है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. ग्लोबल AI वाइब्रेंसी सूचकांक (Global AI Vibrancy Index) |
| | ✗ B. AGILE सूचकांक (AGILE Index) |
| | ✓ C. ग्लोबल AI कॉम्पिटिटिवनेस सूचकांक (Global AI Competitiveness Index) |
| | ✗ D. AI गवर्नेंस सूचकांक (AI Governance Index) |

| Q.85 | जनवरी 2025 में, भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने किन दो गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (NBFC) पर से प्रतिबंध हटा दिए? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. आशीर्वाद माइक्रोफाइनेंस और DMI फाइनेंस |
| | ✗ B. DMI फाइनेंस और मुथूट फाइनेंस |
| | ✗ C. नवी फिनसर्व और श्रीराम फाइनेंस |
| | ✗ D. आरोहन और मुथूट फाइनेंस |

| | |
|---|---|
| Q.86 | वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की कौन-सी धारा यह सुनिश्चित करती है कि महिलाओं को वक्फ संपत्ति उत्तराधिकार से बाहर नहीं रखा जाएगा? |
| Ans | ✗ A. धारा 9F |
| | ✗ B. धारा 2C (2) |
| | ✗ C. धारा 4B |
| | ✓ D. धारा 3A(2) |

| | |
|---|---|
| Q.87 | 2025 लॉरियस सेरेमनी में स्पोर्टिंग आइकन अवार्ड (Sporting Icon Award) किसे मिला? |
| Ans | ✗ A. सेरेना विलियम्स (Serena Williams) |
| | ✓ B. राफेल नडाल (Rafael Nadal) |
| | ✗ C. नोवाक जोकोविच (Novak Djokovic) |
| | ✗ D. उसैन बोल्ट (Usain Bolt) |

| | |
|---|---|
| Q.88 | जून 2025 में फीडिंग इंडिया (एक NGO) द्वारा दी गई रिपोर्ट के अनुसार, बिग फैट इंडियन वेडिंग वायुमंडल में निम्नलिखित में से किस गैस को अवमुक्त करके धीरे-धीरे जलवायु को अस्वस्थ कर रही है? |
| Ans | ✓ A. मेथेन |
| | ✗ B. हाइड्रोफ्लोरोकार्बन |
| | ✗ C. कार्बन मोनोऑक्साइड |
| | ✗ D. नाइट्रस ऑक्साइड |

| | |
|---|---|
| Q.89 | 22-29 जनवरी 2025 तक अखिल भारतीय मास्टर्स रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट 2025 कहाँ आयोजित किया गया था? |
| Ans | ✗ A. हैदराबाद, तेलंगाना |
| | ✗ B. बैंगलोर, कर्नाटक |
| | ✗ C. मुंबई, महाराष्ट्र |
| | ✓ D. पंचकूला, हरियाणा |

| | |
|---|---|
| Q.90 | जुलाई 2025 में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा वर्चुअल रूप से आयोजित चौथे बिम्सटेक आपदा प्रबंधन अभ्यास (BIMSTEC Disaster Management Exercise) का मुख्य उद्देश्य क्या था? |
| Ans | ✗ A. पुनर्निर्माण योजना के लिए एक एकीकृत ढांचा विकसित करना |
| | ✗ B. सदस्य देशों में प्राकृतिक आपदाओं के लिए संयुक्त प्रतिक्रिया प्रोटोकॉल का परीक्षण करना |
| | ✗ C. प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों में क्षेत्रीय सहयोग को मजबूत करना |
| | ✓ D. चक्रवातों और बाढ़ के लिए क्षेत्रीय तैयारियों का आकलन करना और उन्हें बढ़ाना |

| | |
|---|---|
| Q.91 | इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) की निम्नलिखित में से किस पहल ने विशेष रूप से घोषणा की कि भारत की 'सामान्य गणना क्षमता' स्वदेशी AI फाउंडेशन-मॉडल विकास को बढ़ावा देने के लिए 34,000 GPU को पार कर गई है? |
| Ans | ✗ A. डिजिटल इंडिया एआई प्रोग्राम (Digital India AI Programme) |
| | ✗ B. इलेक्ट्रॉनिक्स कम्पोनेंट मेन्युफैक्चरिंग स्कीम (Electronics Component Manufacturing Scheme) |
| | ✗ C. आत्मनिर्भर भारत अभियान (Atmanirbhar Bharat Abhiyan) |
| | ✓ D. इंडियाएआई मिशन (IndiaAI Mission) |

| | |
|---|---|
| Q.92 | श्रम और रोजगार मंत्रालय तथा लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी द्वारा भारत में महिला कार्यबल भागीदारी में सुधार से संबंधित गोलमेज चर्चा मार्च 2025 में निम्नलिखित में से किस स्थान पर आयोजित की गई थी? |
| Ans | ✓ A. मसूरी |
| | ✗ B. नैनीताल |
| | ✗ C. शिमला |
| | ✗ D. डलहौजी |

| Q.93 | फरवरी 2025 में, किसने मिलरोज में 1:43.90 के समय के साथ विश्व इनडोर 800 m अमेरिकी रिकॉर्ड तोड़ा? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. जोश होए (Josh Hoey) |
| | ✗ B. कूपर लुटकेनहॉस (Cooper Lutkenhaus) |
| | ✗ C. विल समनर (Will Sumner) |
| | ✗ D. ब्राइस हॉपेल (Bryce Hoppel) |

| Q.94 | 2 नवंबर 2025 को, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) ने उन्नत नौसैनिक संचार उपग्रह GSAT-7R (CMS-03) को किस प्रक्षेपण स्थल से कक्षा में स्थापित किया? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. UR राव सैटेलाइट सेंटर, बेंगलुरु |
| | ✗ B. विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र, तिरुवनंतपुरम |
| | ✔ C. सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र, श्रीहरिकोटा |
| | ✗ D. थुम्बा इक्वेटोरियल रॉकेट लॉन्चिंग स्टेशन, थुम्बा |

| Q.95 | 2025 की समाचार रिपोर्टों के अनुसार 'ब्लू वॉशिंग (Blue Washing)' शब्द का क्या अर्थ है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. जल शोधन की एक नई विधि |
| | ✗ B. उद्योगों में नीले रंग के रसायनों का उपयोग |
| | ✗ C. नदियों को नीला बनाने के लिए उन्हें साफ़ करना |
| | ✔ D. प्रदूषणकारी उद्योगों को पर्यावरण के अनुकूल बताने की प्रथा |

| Q.96 | खेलों के संदर्भ में PYKKA का क्या अर्थ है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. Panchayat Yojana Kendra for Kids Activities (पंचायत योजना केंद्र फॉर किड्स एक्टिविटीज) |
| | ✗ B. Public Youth Krida Kendra Abhiyan (पब्लिक यूथ क्रीड़ा केंद्र अभियान) |
| | ✔ C. Panchayat Yuva Krida Aur Khel Abhiyan (पंचायत युवा क्रीड़ा और खेल अभियान) |
| | ✗ D. Primary Youth Khel Ka Abhiyan (प्राइमरी यूथ खेल का अभियान) |

| Q.97 | भारतीय सशस्त्र बलों ने किस देश में बहुपक्षीय अभ्यास ZAPAD 2025 में भाग लिया? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. संयुक्त राज्य अमेरिका |
| | ✗ B. चीन |
| | ✗ C. यूनाइटेड किंगडम |
| | ✔ D. रूस |

| Q.98 | रक्षा अभ्यास ला पेरोस 2025 (La Pérouse 2025) में किस भारतीय नौसैनिक एसेट ने प्रतिभाग किया? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. INS अरिहंत |
| | ✗ B. INS सतपुड़ा |
| | ✔ C. INS मुंबई |
| | ✗ D. INS विक्रांत |

| Q.99 | किस संगठन ने लोगों को आपात स्थिति के लिए तैयार करने में सहायता करने के लिए मई 2025 में 'ऑपरेशन अभ्यास' नामक एक बड़ी सुरक्षा ड्रिल की योजना बनाई? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. रक्षा उपकरण निर्यातक संघ (DEEA) |
| | ✗ B. सैन्य मामलों का विभाग (DMA) |
| | ✔ C. राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA) |
| | ✗ D. रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) |

| Q.100 | राजस्थान के स्वास्थ्य विभाग द्वारा 2025 में शुरू की गई मधुनेत्र DR-AI (MadhuNetr DR-AI) प्रणाली का प्राथमिक कार्य क्या है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. हृदय स्वास्थ्य की दूर से निगरानी के लिए एक AI उपकरण |
| | ✗ B. ग्रामीण टेली-परामर्श के लिए एक टेलीमेडिसिन प्लेटफ़ॉर्म |
| | ✓ C. मधुमेह रेटिनोपैथी जांच के लिए एक AI प्रणाली |
| | ✗ D. रोगी रिकॉर्ड के प्रबंधन के लिए एक ब्लॉकचेन प्रणाली |

"